

वी. अंबु

# आयोजकों की नजर से इम्टेक्स

**वी. अंबुजी, 'इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरिंग असोसिएशन' (IMTMA) के डाइरेक्टर जनरल तथा सीईओ हैं। आप 'बंगलुरु इंटरनैशनल एक्जिबिशन सेंटर' (BIEC) के भी सीईओ हैं। आपको, IISc से अभियांत्रिकी स्नातक बनने के बाद, उद्योग क्षेत्र का 27 से अधिक सालों का अनुभव है। 'उद्यम प्रकाशन' के संपादक द्वारा पूछे गए सवालों को आपने विस्तारपूर्वक जबाब दिए हैं...**

**इम्टेक्स जैसी प्रदर्शनी का आयोजन करने में आपके प्रधान उद्देश्य क्या होते हैं? आप ये उद्देश्य किस प्रकार निश्चित करते हैं? इस बात की सुनिश्चिती कैसे करते हैं कि वे हासिल हों? भारतीय उद्योग क्षेत्र में होनेवाले परिवर्तनों के अनुसार क्या आप अपने उद्देश्यों में बार बार सुधार लाते हैं?**

**इम्टेक्स के प्रधान उद्देश्य निम्न हैं**

अ) विश्व में हुई उत्पादन प्रक्रिया में हुई तकनीकी उन्नति भारतीय उत्पादन क्षेत्र की दहलीज पर ले आना एवं यह कोशिश करना कि भारतीय उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता के बराबर हों।

आ) नई तरह से बढ़ने वाले उत्पादन क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने हेतु मशीन टूल उत्पादकों की क्षमताएँ विकसित करना।

इ) मशीन टूल के उत्पादक और उनका इस्तेमाल करने वालों के बीच दृढ़ व्यावसायिक संबंध निर्माण करने के लिए उन्हें एक मंच पर ले आना।

ई) भारतीय उत्पादन और मशीन टूल उद्योग की, एवं तकनीक द्वारा समस्याओं का हल निकालने वाली व्यक्तियों/संस्थानों की काबिलियत बाहरी विश्व को दिखाना।

हर उद्योग संगठन के पास अपने उद्योग क्षेत्र का विकास करने हेतु एक 'विजन' तथा उसे वास्तव में लाने का कार्यक्रम होता है। इम्टेक्स जैसी प्रदर्शनियाँ उन्हें अपनी यह विजन वास्तविक करने में सहायता करती हैं।

प्रदर्शनी के उद्देश्य तो बदले नहीं हैं, किंतु उसमें प्रदर्शित होने वाले उत्पाद तथा सहभागी उद्योजकों का रूप एवं भिन्नता में और भी विस्तार दिखाई दे रहा है। प्रदर्शनी में हर साल तकनीक में हुए अद्ययावत परिवर्तन हमें नजर आ रहे हैं।

**क्या आप को इन प्रदर्शनियों में से कोई निश्चित 'थीम' उभरती नजर आती है? पिछले दशक से लेकर आज तक थीम में होने वाले बदलाव की ओर आप किस तरह से देखते है?**

इम्टेक्स जैसी प्रदर्शनी की कोई एक निश्चित थीम नहीं होती। परंतु विकास एवं तंत्रज्ञान को लेकर विश्व एक उन्नति के मार्ग पर होने की वजह से नए उत्पाद एवं तंत्रज्ञान प्रस्तुत करने के अवसर बढ़ते जा रहे हैं।

**आप इन प्रदर्शनियों की पूर्व तैयारी किस तरह से करते हैं? उसे कितना समय जरूरी होता है? नए संभावित ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु आपके अनुसार कौन सा तरीका सब से उत्तम है? इम्टेक्स 2019 में सहभागी हुए नए (भारतीय या अंतर्राष्ट्रीय) उत्पादकों की थोड़ी झलक बताइए।**

किसी भी प्रदर्शनी की सफलता इस पर निर्भर है कि हिस्सा लेने वाले प्रदर्शकों एवं देखने के लिए आए अतिथियों की उम्मीदें किस मात्रा में पूरी होती हैं। एक उद्योग संगठन के नाते हम इस प्रदर्शनी के आयोजन एवं पूर्वतैयारी में काफी समय लगाते हैं ताकि सबकुछ सरलता से हो जाए। पूरा आयोजन एवं तैयारी एक स्पष्ट विधि द्वारा की जाती है जिसमें सब से नए तकनीक की सहायता ली जाती है। इससे हम प्रदर्शनी का आयोजन व्यावसायिक रूप में करने के लिए काबिल होते हैं और इम्टेक्स इसका एक स्पष्ट उदाहरण है।

# ACCUSHARP
Cutting Tools Pvt. Ltd.
An ISO 9001:2015

CUT FAST
An ISO 9001:2015
CUT COST


## Manufacturers of Metal Cutting Tools




WE STAND AS YOUR PRODUCTIVITY PARTNER

### ASSURING
- Right Quality
- Shortest Lead Time
- Cost Effective
- On-Time Delivery
- Innovative Approach

## *We are for those, who are in Metal Cutting!*




*And For Many Other Industry Sectors*

**Head Office & Factory:**
W-242, J Block, MIDC, Bhosari, Pune – 411026.
Maharashtra, (India) Tel.: 020-27129016
Email: accusharp@accusharp.co.in I www.accusharp.co.in

**Mr. Ayaz Shaikh**
Marketing Director
Mobile: +91 9822017832
Email: ayaz@accusharp.co.in

## *LOGISTIC NETWORK, ALLOVER INDIA, CLOSE TO CUSTOMER'S DOOR*

**OUR BRANCHES:**
• Uttaranchal • Delhi • Kolhapur • Ahmedabad • Indore • Nashik • Bangalore • Hyderabad

TÜV AUSTRIA
CERTIFIED
EN ISO 9001
CERTIFICATE NO. 20 100 112006739
TUV AUSTRIA CERT GMBH

www.odcindia.co.in

**Visit Our Stall at IMTEX 2019 - Hall No. 3A | Stall No. F101**

इम्टेक्स 2019 एवं टूलटेक 2019 प्रदर्शनियों में 20 राष्ट्र हिस्सा लेंगे और 7 राष्ट्रों के (चीन, जर्मनी, कोरिया, स्पेन, तैवान, यू.के. और अमरीका) स्वतंत्र कक्ष होंगे।

**प्रदर्शनी को भेंट देने वाले लोगों की उम्मीदें पूरी हों इसलिए क्या आप लघु, मध्यम उद्योजकों और बड़ी मात्रा में उत्पादन करने वाली कंपनियों के लिए अलग अलग नीति अपनाते हैं?**

इम्टेक्स में लघु मध्यम उद्योजकों और बड़ी मात्रा में उत्पादन करने वाली कंपनियों के बीच कोई भेद नहीं किया जाता। दर्शक अपनी पसंद के अनुसार कक्षों को भेंट देते हैं। प्रदर्शनी से संबंधी सारी जानकारी हमारे ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड की जाती है और उसे देख कर कोई भी अतिथि प्रदर्शनी शुरु होने से पहले ही अपनी समयसारणी निश्चित कर सकता है। इस मंच के माध्यम से भेंट देने वाले लोग प्रदर्शन करने वालों के संपर्क में आ जाते हैं और उन्होंने प्रदर्शित किए उत्पाद एवं तंत्रज्ञान के बारे में अधिक जानकारी पा सकते हैं।

IMTMA ने एक एक्स्पो प्लैटफार्म निर्माण किया है ताकि प्रदर्शनी करने वाले और प्रदर्शनी देखने आए हुए लोगों के बीच संवाद हो। प्रदर्शनी करने वाले इस प्लैटफार्म पर अपनेआप रजिस्टर किए जाते हैं और अपने उत्पाद वहाँ अपलोड कर सकते हैं। इस प्लैटफार्म पर रजिस्टर करने वाले अतिथि किसी भी उत्पाद के बारे में जानकारी पा सकते हैं और फिर आगे की चर्चा की जा सकती है।

**इम्टेक्स से पूर्व और पश्चात, सहभागियों से उनकी उम्मीदें और प्रतिक्रियाएँ इकट्ठा करने हेतु आप कौन सी प्रणाली लागू करते हैं? इम्टेक्स की गुणवत्ता बढ़ाने में आप उसका उपयोग कैसे करते हैं?**

सहभागियों से उनकी उम्मीदें और प्रतिक्रियाएँ इकट्ठा करने के लिए हमने एक आंतरिक विधि बनाई है और उससे मिली हुई जानकारी के आधार पर हर अगले साल की प्रदर्शनी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए हम जरूरी कदम उठाते रहते हैं।

**कृपया हमें बताएँ कि पिछले कुछ सालों में इम्टेक्स में हिस्सा लेने वालों में आपको कौन से बदलाव नजर आते हैं?**

प्रदर्शन करने वाले एवं भेंट देने वाले व्यक्तियों तक जानकारी पहुँचाने में तंत्रज्ञान ने अनोखा योगदान दिया है। सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल माध्यम विज्ञापन के पारंपरिक साधनों को पूरक बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस प्लैटफार्म के बारे में महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रदर्शन करने वाले और भेंट देने वाले लोगों के बीच प्रत्यक्ष आपसी संवाद होने का वातावरण इससे बन रहा है।



# BIEC Site Plan






**वैश्विक स्तर पर होने वाली अन्य प्रदर्शनियों के मुकाबले आप इम्टेक्स को कौन सा दर्जा देंगे?**

इम्टेक्स को जर्मनी, जापान, अमरीका आदि राष्ट्रों में आयोजित होनेवाली अग्रवर्ती वैश्विक मशीन टूल प्रदर्शनियों में से एक इस रूप से पहचाना जाता है। अन्य अंतर्राष्ट्रीय मशीन टूल प्रदर्शनियों के समान इम्टेक्स की अपनी कुछ विशेष श्रेष्ठताएँ हैं जिनसे उसकी विशिष्टता अधोरेखांकित होती है। और इसलिए वह दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया की अग्रिम मशीन टूल प्रदर्शनी बनी है।

**आप इम्टेक्स में नए तंत्रज्ञान को किस तरह से प्रोत्साहित करते हैं?**

इम्टेक्स को 50 साल पूरे हो रहे हैं और यह अवसर मनाने के लिए हमने दो नए कक्ष संयोजित करने का इरादा घोषित किया है। ॲडिटिव मैन्युफॅक्चरिंग एवं इंडस्ट्री 4.0 के लिए इस साल दो अलग कक्ष रहेंगे। यह तंत्रज्ञान उत्पादन को नई गति प्रदान कर रहे हैं और यह उम्मीद है कि उत्पादन क्षेत्र का आवर्त बढ़ाने में वे बहुत बड़ा योगदान देंगे।

इंडस्ट्री 4.0 के कक्ष में उत्पादन सहायक वातावरण के लिए आवश्यक विभिन्न तंत्रज्ञान एकसाथ दिखाए जाएँगे। इंडस्ट्री 4.0 एक्स्पो एक प्लैटफार्म का काम करेगा जिस पर इंडस्ट्री 4.0 के कार्यान्वयन के सारे पहलू एक जगह पर देखे जा सकें और उनका अनुभव लिया जा सके। इस में सेन्सर, ॲनालिटिक्स, कनेक्टिविटि, ऑटोमेशन, स्मार्ट मशीन, डिजिटलाइजेशन, IoT, सायबर सुरक्षा आदि शामिल होंगे। ॲडिटिव मैन्युफॅक्चरिंग के एक्स्पो में, उत्पादन क्षेत्र के उद्योजकों को ॲडिटिव मैन्युफॅक्चरिंग के टेक्नो कमर्शियल लाभ के बारे में करीब से जानकारी दी जाएगी। इस कक्ष में अलग अलग विभाग होंगे जिन में उत्पादन का विकास, अभियांत्रिकी एवं उत्पादन में नवीकरण, और ॲडिटिव मैन्युफॅक्चरिंग द्वारा विकसित किए उत्पाद इनके भिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा।